अहमदाबाद : बीएओयू में तेजतृषा महोत्सव का आगाज

तेज तृषा महोत्सव के दौरान गोला फेंक स्पर्धा में भाग लेता विद्यार्थी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी में मंगलवार को 'तेज तृषा-2026' महोत्सव आगाज हुआ। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को उपयुक्त मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पद्मश्री जगदीश त्रिवेदी ने कहा कि असफलता के क्षणों में भी निराशा को आत्मघाती विचारों की हद तक न पहुंचने दें। आपके अंदर छिपी मौलिक प्रतिभा को पहचानना और उसे अभिव्यक्ति देना अधिक महत्वपूर्ण है। विवि की कुलपति प्रो. (डॉ.) अमी उपाध्याय ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को दिशा देने वाला मंच है। समाजशास्त्र के सहायक प्राध्यापक और बोर्ड ऑफ मेनेजमेंट के सदस्य डॉ. संजय पटेल ने स्वागत उद्बोधन किया। कुलसचिव डॉ.ए.के.जाडेजा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा खेवना जोशी ने किया।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क   તારીખ : 28/01/2026